लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS/LSBA/ESH-Admn/01-19/1286 **दिनांक:** 12/03/19

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

विषय: **लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के प्रोत्साहन राशि भुगतान के संबंध में अनिवार्य रूप से अपनायी जाने वाली अद्यतन कार्य के संबंध में।**

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं उपयोग के उपरांत योग्य लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान से पूर्व एवं भुगतान के समय निम्न बिन्दुओं के आलोक में ही भुगतान प्रक्रिया की जानी आवश्यक है -

1. प्रखंड एवं जिला स्तर पर LSBA से सम्बंधित सभी पासवर्ड की गोपनीयता बनाये रखने हेतु निश्चित समयान्तराल पर पासवर्ड परिवर्तित किया जाय।
2. पासवर्ड में परिवर्तन होने की स्थिति में SMS के माध्यम से पासवर्ड परिवर्तित होने की सूचना संबंधित प्रखंड विकास पधाधिकारी/उप विकास आयुक्त के मोबाइल नंबर पर प्रेषित की जायेगी।
3. प्रोत्साहन राशि के भुगतान अनुमोदित करने से पूर्व प्रविष्टियों एवं अन्य डाटा का मिलान random रूप में IHHL फॉर्म से निश्चित रूप से की जाय।
4. प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भुगतान संबंधी प्रक्रिया किए जाने हेतु DSC का उपयोग स्वयं किया जाय।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई हेतु सभी संबंधित को निदेशित करें ताकि भुगतान प्रक्रिया में गड़बड़ी की आशंका को न्यून किए जाने के साथ ही प्रक्रिया को सरल एवं सहज बनाया जा सके।

विश्वासभाजन

12/03/19

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक: BRLPS/LSBA/ESH-Admn/01-19/1286 **दिनांक:** 12/03/19

प्रतिलिपि : सभी जिला समनवयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित।